आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 10.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :—

- माइक्रोसॉफ्ट ने देश के एआई बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए भारत में साढ़े 17 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए एक हजार सात सौ करोड़ रुपये की मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की।
- प्रदेश में अगले वर्ष से राशन कार्ड ऑनलाइन बनाए जाएंगे।

माइक्रोसॉफ्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशिया में माइक्रोसॉफ्ट के अब तक के सबसे बड़े निवेश का स्वागत किया है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई में भारत के नेतृत्व को लेकर आशा व्यक्त की है।

इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्य नडेला ने भारत के एआई अवसर पर एक प्रेरक चर्चा के लिए श्री मोदी का धन्यवाद किया। श्री नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट भारत की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए 17 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता व्यक्त रहा है। उन्होंने कहा कि यह निवेश भारत के एआई–प्रथम भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मददगार होगा।

मंजूरी

केंद्र सरकार ने प्रदेश की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए एक हजार सात सौ करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के साथ कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई गति लाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की दिशा में उत्तराखंड की प्रगति को और मजबूती देगी।

सीएम की मुलाकात

इस बीच मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की। बैठक में ग्रामीण विकास को गति देने और हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित अवसंरचना के पुनर्निर्माण से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से विचार–विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों वाला पर्वतीय राज्य होने के कारण आपदा से हुई क्षति बड़ी चुनौती है, इसलिए केंद्र से विशेष सहायता आवश्यक है।

उन्होंने हालिया आपदा में क्षतिग्रस्त लगभग पाँच हजार नौ सौ घरों की मरम्मत के लिए धनराशि उपलब्ध कराने, फसल सुरक्षा और उत्पादन वृद्धि के लिए अलग बजट की व्यवस्था करने तथा अगले पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही पीएम–आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लान–नमामि गंगे क्लीन अभियान के लिए वर्ष 2025–26 की स्वीकृत 98 करोड़ रुपये की धनराशि जल्द जारी करने की मांग भी की।

कृषि मंत्री गणेश जोशी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अल्मोड़ा के भगरतौला गांव के दौरे के दौरान मंत्री ने चौपाल के माध्यम से किसानों से संवाद किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि जिला योजना और उद्यान विभाग की ओर से स्थापित सौ से अधिक पॉलीहाउस में क्लस्टर आधारित खेती हो रही है, जिनमें आलू, शिमला मिर्च, गोभी, मैथी, धनिया और मिर्च जैसी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ी है और आजीविका मजबूत हुई है।

नैनी गांव में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी कृषि और उद्यान योजनाओं को न्याय पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए कैंप लगाए जाएं, ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर किसान को बेहतर सुविधाएं, अनुदान और नई तकनीक समय पर उपलब्ध हो।

राशन कार्ड

प्रदेश में राशन कार्ड बनवाने की आवेदन प्रक्रिया अगले वर्ष से पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगी। देहरादून में विभागीय अधिकारियों की बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में किसी भी तरह की विसंगति दूर करने के लिए इसे पूरी तरह ऑनलाइन किया जा रहा है। साथ ही राशन विक्रेताओं के भुगतान और बिलिंग प्रक्रिया को भी ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस वर्ष अब तक 98 प्रतिशत धान की खरीद हो चुकी है। लक्ष्य बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के साथ पत्राचार किया जा रहा है, ताकि अन्य धान किसानों की फसल भी एमएसपी पर खरीदी जा सके।

इंडिगो

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की हाल की संचालन संबंधी विफलताओं से उत्पन्न व्यवधान अब तेज़ी से स्थिर हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार मज़बूत नागर विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिगो के मौजूदा संकट पर लोकसभा में श्री नायडु ने बताया कि इंडिगो को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर कड़ी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

<u>शिवलिंग दर्शन</u>

चमोली जिले में शीतकालीन चारधाम यात्रा के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में जिले के प्रमुख स्थलों का विकास और उनके प्रचार–प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले की सीमांत नीति घाटी के टिमर सैन क्षेत्र में बाबा बर्फानी अमरनाथ की तर्ज पर प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन शुरू हो गए हैं, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

पर्यटन अधिकारी अरविंद गौर ने बताया कि शीतकालीन खेलों और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है।

मेरा सपना, मेरा लक्ष्य

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अभिनव पहल 'मेरा सपना, मेरा लक्ष्य' के तहत कार्यक्रम का दूसरा चरण कल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 30 छात्राओं ने जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण कर प्रशासनिक ढांचे को करीब से समझा। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरा सपना, मेरा लक्ष्य अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक प्रक्रिया से अवगत कराना और उनमें आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 142 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र प्रकाशित किया है। मुख्यमंत्री धामी के हवाले से हिन्दुस्तान लिखता है– विभागों में खाली पदों को जल्द भरा जाएगा।

इंडिगो हवाई सेवा पर सरकार के हवाले से अमर उजाला लिखता है– इंडिगो पर नकेल, उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती के आदेश।

चुनाव सुधार के मद्दों को लेकर सरकार पर बरसे राहुल– राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी। अगली सुर्खी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से समाचार पत्र लिखता है– वंदे मातरम के दो टुकड़े न करते तो देश का विभाजन नहीं होता